कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़

(वाणिज्यिक कर (जी.एस.टी.) भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर–492002)

–:: सूचना पत्र ::–

नवा रायपुर, दिनांक 19 मार्च, 2026

आबकारी आरक्षक पद हेतु छ.ग. व्यापम द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा (ABA25) में व्यापम द्वारा जारी मेरिट सूची के आधार पर विभाग में दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक मापदण्ड में पात्र पाये गये अभ्यर्थियों में से चयन हेतु उपयुक्त पाये गये अभ्यर्थियों के संबंध में 200 अभ्यर्थी के चयन की मुख्य सूची एवं 43 अभ्यर्थियों के संबंध में अनुपूरक सूची कार्यालयीन पत्र क्रमांक/आब./स्था.(अराज.)/2026/2421, नवा रायपुर, दिनांक 19.03.2026 द्वारा जारी कर चयन परिणाम घोषित किया जाकर चयन परिणाम में अंकण/टंकण/मुद्रण/प्रक्रिया संबंधी त्रुटि होने पर व्यापम द्वारा विभाग को उपलब्ध कराये गये मूल डाटा के आधार पर तैयार सूची ही मान्य होगी एवं तद्नुसार चयन परिणाम संशोधित किया जा सकेगा संबंधी निर्देश प्रसारित किया गया है।

अतएव विभाग द्वारा जारी उपरोक्त चयन परिणाम के संबंध में यदि किसी अभ्यर्थी को कोई दावा–आपत्ति प्रस्तुत् करना हो तो वे सूचना पत्र जारी होने के 07 दिवस के भीतर कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, वाणिज्यिक कर (जी.एस.टी.) भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, पिन कोड–492002 में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर अथवा विभागीय आधिकारीक ई.मेल. आई.डी. excise.comm.cg@gov.in पर अपना अभ्यावेदन मय दस्तावेजों के प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त समय–सीमा के पश्चात् इस संबंध में विभाग में प्राप्त कोई भी दावा–आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त समय–सीमा में विभाग में प्रस्तुत् होने वाले दावा–आपत्ति पर नियमानुसार विचारोपरांत निर्णय लिया जाकर तत्संबंध में पृथक से सूचना प्रसारित की जावेगी।

R. K.

आबकारी आयुक्त
छत्तीसगढ़

पृ.क्रमांक/आब./स्था.(अराज.)/2026/2483. नवा रायपुर, दिनांक 19 मार्च, 2026

प्रतिलिपि :–

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. नियंत्रक, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर,
5. प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर,

6. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर की ओर विभागीय वेबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही बाबत् सूचनार्थ।
7. उप संचालक, जनसंपर्क, जिला–रायपुर (छ.ग.) की ओर समाचार पत्रों में प्रकाशन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
8. उपायुक्त आबकारी, राज्यस्तरीय उड़नदस्ता, छत्तीसगढ़ रायपुर,
9. उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता, संभाग–रायपुर / दुर्ग / बिलासपुर / बस्तर / सरगुजा,
10. उपायुक्त आबकारी, जिला–रायपुर,
11. सहायक आयुक्त आबकारी / जिला आबकारी अधिकारी, समस्त जिला, छत्तीसगढ़

की ओर कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किये जाने हेतु।

12. कार्यालय प्रति।

आबकारी आयुक्त
छत्तीसगढ़